# डीएम ने ली शस्त्र स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

हमीरपुर 19 मार्च। पंचायत चुनाव के दृष्टिगत शस्त्र स्क्रीनिंग कमेटी की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई। शस्त्र जमा कराए जाने की धीमी प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अभियान चलाकर अनिवार्य रूप से तीन दिवसों में शत-प्रतिशत शस्त्र जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को शस्त्र प्राथमिकता के साथ जमा कराया जाए जो जमानत पर छूटे हैं। तथा शस्त्र लाइसेंस जमा न करने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाए। ज्ञात हो कि जनपद में कुल 8695 शस्त्र जमा कराए जाने हैं जिसमें से अब तक मात्र 969 शस्त्र ही जमा हुए हैं जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि खनिज विभाग के अंतर्गत मोरम भंडारण स्थलों का सत्यापन कर वहां निर्धारित भंडारण क्षमता एवं रॉयल्टी आदि की जांच



कर रॉयल्टी से अधिक मोरम भंडारण पाए जाने पर भंडारण लाइसेंस निरस्त किया जाए तथा मोरम को जब्त कर नीलाम कराने की कार्रवाई की जाए। पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए, सामूहिक भोज आदि किसी भी दशा में ना होने पाए, मतदाता सूची में नाम बढ़ाने और घटाने संबंधित जो आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनका अच्छे ढंग से परीक्षण कर उन प्रकरणों का निस्तारण किया जाए, कहीं पर भी भीड़ आदि इकट्ठा ना होने पाए तथा किसी भी प्रकार के वाहनों का काफिला नहीं चलने चाहिए, अतः सूचना तंत्र को विकसित कर क्षेत्र पर नजर रखी कर अराजक तत्वों पर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पंचायत चुनाव के दृष्टिगत निरोधात्मक कार्रवाई में भी तेजी लाई जाए। हलके के सिपाहियों व लेखपालों आदि का क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण कराया जाए। बूथों की संवेदनशीलता आदि का परीक्षण कर बूथों में पेयजल आदि की व्यवस्था देख ली जाए। मतगणना केंद्रों का भी भ्रमण कर उनके संबंध में कल दोपहर 12 बजे तक रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी विनय प्रकाश श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# तालाबों से अतिक्रमण हटवाने की मांग

(आज समाचार सेवा)
कुरारा (हमीरपुर) 19 मार्च। कस्बे के आधा दर्जन से अधिक तालाबों में अतिक्रमण होने के कारण इन तालाबों का आकार कम हो रहा है। वहीं तालाब का रकबा दिनोदिन घटता जा रहा है। जिससे कस्बे के तालाबो का अस्तिव खतरे में बना हुआ है।

कस्बा कुरारा में आधा दर्जन से अधिक प्राचीन तालाब है। इनमे अस्पताल रोड में नाग तालाब, रिठारी रोड में कजली तालाब, परमेश्वर तालाब, भगत तालाब, कालीमाई के पास तालाब आदि है। इनमें अतिक्रमण के कारण इनका आकार सिमटता जा रहा है। और आज यह विलुप्त होने के कगार पर पहुंच रहे हैं। इनके किनारे पर लोगों ने अतिक्रमण कर मकानों का निर्माण कर लिया है। ब्लाक के पीछे पुराने दंगल तालाब में पानी नही रहता है। जिससे इसके भीट में कई मकान बन गए हैं। और यहां वर्ष भर बच्चे किर्केट खेलते रहते हैं। रिठारी रोड के बगल के तालाब में चारों तरफ से अतिक्रमण हो गया है। इसके मध्य में एक मजार बनी हुई है। इसमें आने जाने का रास्ता भी अतिक्रमण के चलते बन्द हो गया है। वहीं नाग तालाब में भी चारो तरफ से लोगों ने मकान बना लिये है। तथा घरों के नाली का पानी भी इसी तालाब में जा रहा है। इससे पानी मटमैला व गंदा बना रहता है। वहीं तालाब का पानी कोई इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। जबकि पहले इन तालाबो में लोग नहाते थे। वही उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी आज तक इन तालाबों से अतिक्रमण हटाने का कार्य नही किया गया है। कस्बा वासिंयो ने इन तालाबो से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# जमीयत उलमा हिंद की बैठक

मौदहा (हमीरपुर) 19 मार्च। जमीयत उलमा हिंद हमीरपुर इकाई की बैठक आज मदरसा सय्यदना अबु बकर सिद्दीक कम्हरिया रोड में कारी अब्दुल मुईद चौधरी सेक्रेट्री उत्तर प्रदेश जमीयत उलमा व मौलाना अनवर जामई की देखरेख में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से मौलाना शकील उद्दीन नदवी को जिलाध्यक्ष एवं मौलाना सना उल्लाह जामई को जिला उपाध्यक्ष चुना गया। कारी अब्दुल मुईद चौधरी ने कहा कि जमीयत उलमा ने हर मौके पर मानवता का धर्म निभाते हुए बिना भेदभाव के हर धर्म और हर जाति के लोगों की मदद की है। इस मौके पर बाँदा के सेक्रेट्री मौलाना उमैर, मौलाना मतीन, कारी सय्यद मुनव्वर अली आदि लोग मौजूद रहे हैं।

## समाचार सार

### कुरारा में कोरोना टीका लगवाने पहुंचे ग्रामीण

कुरारा (हमीरपुर) 19 मार्च। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा सहित ग्रामीण क्षेत्र के बेरी, पारा, भौली, कुसमरा, मिश्रीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण की व्यवस्था स्वाथ्य विभाग द्वारा की गई है। कुरारा में प्रतिदिन 60 से 70 लोगों को टीका लगाया जा रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी टीका लगाया जा रहा है। वही ग्रामीण उत्साह से कोरोना का टीका लगवाने के लिए अस्पताल पहुँच रहे हैं।

### उपचार न कराने पर थाने में दी तहरीर

बिवांर (हमीरपुर) 19 मार्च। थाना बिवांर के ग्राम निवादा निवासी विजयलक्ष्मी पत्नी अखिलेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर कहा कि १८ फरवरी की सुबह दस बजे उसके पति को पड़ोसी सुरेश पुत्र शिवचरन बहला फुसलाकर टीन लगवाने के लिये अपने घर ले गया था। टीन शेड लगाते समय पति दोपहर एक बजे करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसका चेहरा, हांथ पैर बुरी तरह से झुलस गया। उक्त लोग रात करीब ८ बजे उसके पति को बाइक से दरवाजे पर छोड़कर करंट लगने की बात कहकर छोड़ गये। परिजनों ने रात नौ बजे उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिसे कानपुर रेफर किया गया था। उसका एक माह से कानपुर में उपचार चल रहा है। जब पड़ोसी सुरेश से उपचार के लिये कहा तो इंकार करते हुये जानमाल की धमकी दी है। महिला ने सुरेश के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### बिवांर में 115 को लगा कोरोना टीका

बिवांर (हमीरपुर) 19 मार्च। कस्बा बिवांर के अस्पताल में डा.एस.के.सिंह की देखरेख में कोविड वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। टीका लगवाने के लिये अस्पताल में काफी संख्या में महिला व पुरुष एकत्र रहे। इस अवसर पर ११५ लोगों का टीकाकरण हुआ। अभियान में डा.मोनालिका, एएनएम फुंदन बाई का सहयोग रहा। डा.एस.के.सिंह ने बताया कि २५ मार्च को दोबारा टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा।

### दुकान में लगी आग से लाखों का सामान खाक

राठ (हमीरपुर) 19 मार्च। कस्बे के मोहाल चरखारी रोड में संयुक्त रुप से रखी किराना व जनरल स्टोर की दुकान में बीती रात अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद मोहल्ले वासियों ने आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता दुकान में रखा लगभग दो लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहगायं निवासी भरत राजपूत पुत्र रामप्रकाश ने बताया कि वह नगर के मोहल्ला चरखारी रोड पर स्थित अपने मकान पर जनरल स्टोर व किराना की एक संयुक्त दुकान रखकर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करता है। गुरुवार की रात अज्ञात कारणों के चलते उसकी दुकान में आग लग गई। आग की लपटें तेज होने पर उसे घटना की सूचना हुई तो उसने मकान से बाहर निकल फायर बिग्रेड को फोन किया। जब काफी समय तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं आई तो उसने मोहल्ले वासियों की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा फ्रीजर काउंटर सहित लगभग दो लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया था।

### सर्पदंश से घायल

राठ (हमीरपुर) 19 मार्च। खेत पर काम करते समय कस्बा गोहांड निवासी सुख दयाल (62) पुत्र नन्हू को जहरीले सांप ने डस लिया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है।

### सड़क हादसे में शिक्षक गंभीर रूप से घायल

मौदहा (हमीरपुर) 19 मार्च। छुट्टी बिता कर वापस लौट रहा शिक्षक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। जालौन जिले के कालपी थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी अरविंद कुमार (30) पुत्र लज्जाराम पडोसी जनपद बांदा में परिषदीय विद्यालय शिक्षक के पद पर तैनात हैं। जो तीन दिन की छुट्टियों पर घर आया था और वहां से छुट्टी बिताकर वापस बाइक से बांदा लौट रहा था। तभी सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदीखुर्द के निकट बाइक असंतुलित होकर गिर गई। जिससे अरविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 नें घायल शिक्षक को कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहाँ से शिक्षक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### 1 अप्रैल से खनिज परिवहन में माइन टैग अनिवार्य

हमीरपुर 19 मार्च। खनिज का परिवहन करने वाले वाहनों के लिये शासन द्वारा माइन टैग अनिवार्य कर दिया गया है। के0के0 राय खान अधिकारी ने बताया कि लगभग 3000 से 3500 गाड़ियां जनपद हमीरपुर से बालू/मौरम के परिवहन कार्य में लगी है जिसमें अब तक दो चरणों में लगभग 2200 वाहनों में माइन टैग लगाया जा चुका है। तथा माइन टैग लगाने का कार्य अभी भी चल रहा है। अभी लगभग 1000 गाड़िया बची है जिनके द्वारा अभी तक माइन टैग नहीं लगवाया गया है। शासन द्वारा 01 अप्रैल से पूर्व खनिजों का परिवहन करने वाले सभी वाहनों में माईन टैग लगाने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्व करने के निर्देश दिये गये है। 01 अप्रैल के बाद बिना माईन टैग के खनिजों का परिवहन करते हुये पकड़े जाने पर सम्बन्धित वाहन के साथ-साथ वाहन चालक एवं वाहन स्वामी दोनों पर कार्यवाही की जायेगी।

# बच्चों को दी साइबर सुरक्षा की ट्रेंनिग

(आज समाचार सेवा)
राठ (हमीरपुर) 19 मार्च। सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के क्षेत्र में काम करने वाली सामाजिक संस्था सृजन द्वारा क्विक हील फाउण्डेशन के सहयोग से साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग कस्बे के चरखारी रोड स्थित सरस्वती बालिका मंदिर में दी गयी। ये ई ट्रेनिंग बाराबंकी व समुहि में 100 बज्चों की ट्रेनिंग हुई व राठ में करीब दो सौ बज्चों ने ट्रेनिग ली। कार्यक्रम का शुभारंभ चौकी प्रभारी कोट बाजार सविता सरोज ने किया। इस दौरान क्विक हील फाउंडेशन की सीनियर एक्जीक्यूटिव सुगंधा दानी ने करीब तीन सैंकड़ा से अधिक बज्चों को ई ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग सेशन क्विक हील के अजय शिरके व सृजन के निखिल श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

ट्रेनिंग सेसन को संबोधित करते हुए सुंगधा दानी ने बज्चों को समझाया कि कभी भी बिना जांचे परखे सोशल मीडिया पर कोई लिंक न खोलें। साथ ही किसी भी अज्ञात सॉफ्टवेयर को भी कभी भी अपने सिस्टम में डाउनलोड न करें। कहा कि किसी भी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर अपनी सारी जानकारी साझा नहीं करें और न ही किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट को पब्लिक रखें। अगर आप प्रोफेशनल अकाउंट बनाते हैं तो उस पर निजी जानकारी व तस्वीरें साझा न करें। बताया कि जिस बैंक अकाउंट को नेट बैंकिंग से जोड़ें उस के ओटीपी और कार्ड के नम्बर को किसी से साझा न करें। इस दौरान बज्चों को सेफ इंटरनेट उपयोग की भी शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती सांवल प्रधानाचार्या प्रवेश तिवारी, संस्था के हेड विनय गुप्ता, शिवांक श्रीवास्तव, प्रशांत चौरसिया, हरिशरण मिश्र, राजनंदनी, पूजा अग्रवाल व साधना आदि मौजूद रहे।

# हमीरपुर में सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित



पुस्तिका का विमोचन करते प्रभारी मंत्री/ रवींद्र जायसवाल एवं जनप्रतिनिधि व अधिकारी। छायाआज।

(आज समाचार सेवा)
हमीरपुर 19 मार्च। प्रदेश सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म की थीम पर जनपद में एक कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय स्थित राजकीय महिला डिग्री कालेज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री/ रवींद्र जायसवाल थे। इस अवसर पर छात्र.छात्राओं द्वारा प्रदेश सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उसके विकास यात्रा के संबंध में बनाई गई विभिन्न प्रकार की रंगोली का सभी अतिथियों/जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर लखनलाल आल्हा पार्टी, चंद्रभान सांस्कृतिक दल तथा पटेल पपेट शो के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 4 वर्षों की विकास यात्रा के बारे में तथा विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कालेज की छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत, सांस्कृतिक नृत्य आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने दिव्यांगजनों को 01 ट्राई साइकिल, 05 लेप्रोसी किट का वितरण, उद्योग विभाग के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को टूल किट का वितरण, समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत 6 लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र, प्रोबेशन विभाग के अंतर्गत कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत 7 लाभार्थियों को पोषण पोटली (सूखादूध,पाउडर, घी रिफ इंड तेल, सोया तेल, दाल) तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 4 लाभार्थियों को ई.रिक्शा का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री व अध्यक्ष नगर पालिका हमीरपुर कुलदीप निषाद व सरीला नगर पंचायत की चेयरमैन शैफाली सिंह ने जिले व प्रदेश में 04 वर्षों में हुए विभिन्न विकासकार्यो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस मौके पर 04 वर्ष की उपलब्धियों से संबंधित जनपद हमीरपुर की पुस्तिका का प्रभारी मंत्री ने विमोचन किया। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी विनय प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# तीन पर छेड़खानी व मारपीट की शिकायत

मौदहा (हमीरपुर) 19 मार्च। मौदहा कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने गांव के तीन युवकों पर अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगा कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा की एक ग्रामीण महिला ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि शुक्रवार की सुबह उसकी नाबालिग पुत्री घर के बाहर गोबर फेंकने गई थी। तभी गांव के निरंजन, रामकुमार व जगदीश ने वहां पहुंचकर पुत्री के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी पुत्री की आवाज सुन वह मौके पर पहुंची और युवकों का विरोध किया तो आरोपी युवकों ने गाली गलौज कर मां बेटी को मारा पीटा। ग्रामीणों को आता देख आरोपी युवक मां बेटी को जान से मारने की धमकी दे मौके से भाग निकले हैं।

# स्वामी रोटीराम की कृपा से सुमेरपुर शिक्षा का हब बना-पालीवाल



वार्षिक क्रीड़ा समारोह में मौजूद चेयरमैन आनन्दी प्रसाद पालीवाल साथ में अतिथिगण। छायाआज।

(आज समाचार सेवा)
भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर) 19 मार्च। राजकीय महाविद्यालय सुमेरपुर के प्रथम वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष आनन्दी प्रसाद पालीवाल व राजकीय महाविद्यालय कुछेछा के प्राचार्य डा0 सत्येंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चेयर मैंन आनन्दी प्रसाद पालीवाल ने कहा कि आगामी तीन महीने में करोरन नाला में एप्रोच मार्ग व रपटा का निर्माण हो जाने से बच्चों के आने जाने की सुविधा हो जायेगी। उन्होंने कहा स्वामी रोटी राम जी की कृपा से सुमेरपुर शिक्षा का हव बनता जा रहा है इससे जनपद एवं प्रदेश के युवा छात्र छात्राये यहाँ से शिक्षण प्राप्त कर अपना भविष्य सवाँर सकते है। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य सत्येंद्र सिंह ने कहा कि ईश्वर ने आपको दो अस्त्र दिए है पहला आलस्य दूसरा परिश्रम यदि आप आलस्य की मदिरा पियोगे तो भविष्य बर्वाद हो जायेगा। और यदि लक्ष्य बनाकर परिश्रम करोगे तो भविष्य व जीवन दोनों सवंर जायेगे। उन्होंने कहा चेयर मैंन पालीवाल के प्रयासों से महाविद्यालय संचालित हुआ उनका योगदान सराहनीय है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 ब्रजेन्द्र सिंह, डा0 स्वामी प्रसाद गुप्ता, डा0 पवन यादव, डा0 शक्ति गुप्ता आदि ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्रीड़ा समारोह में बैड मिन्टन,100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, भाला फेक, लम्बी कूद का आयोजन हुआ। 100 मीटर दौड़ में अनामिका शुक्ला प्रथम, कोमल द्वितीय, प्रिया देवी तृतीय स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग में सानू मिश्रा प्रथम, शुभम पांडेय द्वितीय, पवन मिश्रा ने तृतीय स्थान पाया। डिस्कस प्रो. में शशि गुप्ता प्रथम, अनामिका द्वितीय, दिव्या शास्त्री तृतीय रही। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल में क्रीड़ा प्रभारी डा. रावेंद्र सिंह, डा0 केके श्रीवास्तव, श्रीमती मीरा गुप्ता रही।

# पौथिया सीट अनुसूचित जाति सुरक्षित करने की मांग


पौथिया (हमीरपुर) 19 मार्च। राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष इं.राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने शासन को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत पौथिया की प्रधानी का आरक्षण अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि आजादी के बाद से आज तक ग्राम पंचायत पौथिया की प्रधान पद की सीट दो कैटेगरी में सुरक्षित रही है। ज्यादातर सामान्य सीट रही बीच बीच में पिछड़ा वर्ग के लिये भी कई पंचवर्षीय आरक्षित होती रही। वर्ष २०२१ में जारी सूची में पहलीबार भाजपा शासन में ग्राम पौथिया में अनुसूचित जाति की सीट आरक्षित होने से उन्हे भागीदारी का मौका मिला था। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत पौथिया में अनुसूचित जाति की सं या ३२ प्रतिशत है। लेकिन १५ मार्च को न्यायालय की रोक से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को इस बार का भय है कि कहीं इस सीट को सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित न कर दिया जाये। जिससे ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पौथिया सीट को अनुसूचति जाति के लिये आरक्षित करने की मांग की है। ज्ञापन में शिवराम श्रीवास, राजाकरन कोरी, बरदानी बाल्मीकि, आलोक श्रीवास, विनय, पप्पू, तिलक श्रीवास आदि के हस्ताक्षर हैं।

## मौसम के बदलने से किसान चिंतित

कुरारा (हमीरपुर) 19 मार्च। आसमान में आज छाए घने बादलों से किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं। वही किसान अपनी फसलो के थ्रेसरिंग के कार्य में जुटे हुए हैं। क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में इस समय दलहनीं फसलो में मटर, मसूर, चना, लाही आदि फसलो के कटाई का कार्य चल रहा है। वही आये दिन मौसम में आने वाले बदलाव से किसान परेशान हो रहे है। जबकि प्रत्येक गाँव में दो से तीन हार्वेस्टर द्वारा फसल के थ्रेसरिंग का काम किया जा रहा है। और किसान अपनी फसल समेटने में जुट गए हैं।

# ब्रेन हैम्ब्रेज मरीज को किया रक्तदान

हमीरपुर 19 मार्च। बुन्देलखण्ड रक्तदान समिति के सदस्य आकाश गुप्ता ने ब्रेन हैम्ब्रेज के मरीज को खून की कमी होने पर रक्तदान कर जान बचाई। बुन्देलखण्ड रक्तदान समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक निषाद ने बताया कि विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम टेढ़ा निवासी रघुनाथ आनन्द पुत्र मूलचन्द्र को ब्रेन हैम्ब्रेज होने पर लखनऊ गोमतीनगर स्थित राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिनके शरीर में खून की कमी होने पर झलोखर निवासी अभिषेक त्रिपाठी के आग्रह पर समिति के वीर योद्धा आकाश गुप्ता ने लखनऊ के राममनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचकर एक यूनिट ए पाजिटिव ब्लड डोनेट किया। समिति ने आकाश गुप्ता का आभार जताया।



..रक्तदान करते आकाश गुप्ता। छायाआज।

# दबंगों ने युवक को पीटा

राठ (हमीरपुर) 19 मार्च। तेरहवीं संस्कार से शामिल होकर लौट रहे युवक को एक दबंग ने अपने पिता व पुत्र के साथ मिलकर लाठियों से पीट घायल कर दिया। जिसकी लिखित तहरीर राठ कोतवाली में दी गई है।

ग्राम सरसई निवासी अभिनेश (29) पुत्र गिरजा सिंह ने बताया की गुरुवार की शाम वह गांव के विष्णु दादा के यहां हो रही तेरहवीं संस्कार से शामिल होकर घर लौट रहा था। तभी गांव का दबंग कपिल उर्फ बंटा मिल गया और उसे देखकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने उसका विरोध किया तो कपिल ने अपने भाई शशिकांत व पिता देशराज के साथ मिलकर उसे लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। जिसकी लिखित तहरीर उसने राठ कोतवाली में दे दी है।

# लखीमपुर से चित्रकूट पैदल जा रहे यात्रियों का स्वागत



.कांवर लेकर चित्रकूट जा रहे यात्री। छायाआज।1

(आज समाचार सेवा)
भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर) 19 मार्च। लखीमपुर खीरी से चित्रकूट 500 किलोमीटर पैदल चलकर चित्रकूट जा रहे एक दर्जन से अधिक तीर्थ यात्रियों का कस्बा सुमेरपुर में स्वागत करके उनका हौसला बढ़ाया गया।

गौरतलब है कि कठिन साधना का वृत लेकर गोरखनाथ लखीमपुर खीरी से चित्रकूट तक कांवर लेकर पैदल जाने के संकल्प के साथ अरुण कुमार मिश्र, मुन्ना लाल पांडेय, विनय तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, रमन मिश्रा, अंशुल तिवारी आदि कांवर लेकर जल चढ़ाने के लिए पैदल चित्रकूट जा रहे हैं। लगभग 300 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद कस्बा सुमेरपुर के कमलेश तिराहे में आकर थोड़ी देर के लिए रुके तो लोगों ने उनकी यात्रा का उद्देश्य जानने के बाद उनका भव्य स्वागत करते हुए यात्रा की सफलता की कामना की। स्वागत के साथ उन्हें जलपान कराकर सहर्ष विदा किया गया। तीर्थ यात्रियों का कहना था कि भगवान शिव के लिए लिया गया कठिन साधना का संकल्प भगवान शिव अवश्य पूरा करेंगे। शिव की उपासना सदैव फलीभूत होती है।


उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

पत्रांक : 219-डब्लू/आऊटसोर्सिंग यू एस एफ डी/2020-21/उमरे दिनांक : 16.03.2021

शुद्धि पत्र संख्या - 1

विषय : शुद्धि पत्र टेंडर नं. 01/2020-21/टी।पी।/मुख्या।/उमरे/प्रयागराज। टेंडर खुलने की तिथि 09.04.2021 एवं टेंडर नोटिस नं. 01/2020-21/टी।पी।/मुख्या।/उमरे/प्रयागराज दिनांक 04.03.2021 के सम्बन्ध में।
विज्ञापित मूल्य को ₹ 142508734.10 के बजाय ₹ 2589.89 लाख पढ़ा जाये। टेंडर नोटिस एवं टेंडर डॉक्यूमेंट के जनरल इनफारमेंशन में भी निविदा मूल्य ₹ 2589.89 लाख ही दर्ज है। इसी राशि के आधार पर निविदाकर्ताओं की एलिजिबिलिटी निर्धारित की जायेगी। अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी। शुद्धि पत्र वेबसाइट http://ireps.gov.in एवं www.ncr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। 287/21 (SP)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

पूर्वोत्तर रेलवे नीलामी सूचना सं.-1/2021-22

माह अप्रैल-2021 का ई-नीलामी कार्यक्रम

सभी संभावित क्रेताओं को ऑनलाइन पब्लिक आक्शन के द्वारा रद्दी सामग्रियों के बिक्री में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

| ई-नीलामी तिथियां | अधीनस्थ लाट | सम्पर्क फोन नं. |
|---|---|---|
| 10 एवं 24 अप्रैल 2021 | उपमुसाप्र/डिपो/गोरखपुर | 0551-2283558 |
| 13 एवं 28 अप्रैल 2021 | उपमुसाप्र/डिपो/इज्जतनगर | 0581-2518138 |
| 14 एवं 30 अप्रैल 2021 | वमंसाप्र/लखनऊ | 0522-2233113 |
| 15 एवं 29 अप्रैल 2021 | वमंसाप्र/वाराणसी | 0542-2224819 |
| 9 एवं 23 अप्रैल 2021 | वमंसाप्र/इज्जतनगर | 0581-2518104 |

सामग्री का प्रकार :- स्क्रैप रेल, कास्ट आयरन, मेल्टिंग, एम.एस., निराकृत वैगन, कोच एवं लोकोमोटिव, टर्निंग, बोरिंग, फेरस, नॉन-फेरस (कापर, एलुमीनियम, बैटरीज आदि)। नीलामी प्रक्रिया उसी दिन पूर्ण नहीं होने पर नीलामी प्रक्रिया दूसरे (अगले) दिन भी जारी रहेगी। नीलामी कैटलाग, प्रक्रिया एवं बिक्री शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। यह सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर
मुजाधि/एस-65 यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

कानपुर विकास प्राधिकरण आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या-217, ब्लाक-डब्लू/1, योजना-द्वितीय जूहीकलां कानपुर की लीजडीड प्राधिकरण की पूर्ववर्ती संस्था कानपुर नगर महापालिका द्वारा श्री सुखवीर प्रसाद राठौर पुत्र श्री लालाराम राठौर के पक्ष में दिनांक 26.06.1973 को निष्पादित की गयी है। भूखण्ड का क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज व भूप्रयोग आवासीय है। इसके पश्चात मूल पट्टाधारक श्री सुखवीर प्रसाद राठौर ने भूखण्ड का पंजीकृत दानपत्र दिनांक 29.01.2015 को श्रीमती सुमनलता राठौर पत्नी श्री महेन्द्र सिंह राठौर के पक्ष में निष्पादित किया गया है। वर्तमान में श्रीमती सुमनलता राठौर द्वारा पंजीकृत दानपत्र के आधार पर प्राधिकरण अभिलेखों में अपना नाम अंकित किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। भविष्य में होने वाली आपत्तियों के दृष्टिकोण से समाचार पत्र में इस आशय से विज्ञप्ति प्रकाशित करायी जा रही है कि उपरोक्त दानपत्र के आधार पर श्रीमती सुमनलता राठौर का नाम प्राधिकरण अभिलेखों में अंकित किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिवसों के भीतर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय जोन-3 अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता है। निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर भूखण्ड का नामान्तरण दानग्रहिता श्रीमती सुमनलता राठौर पत्नी श्री महेन्द्र सिंह राठौर का नाम अंकित किये जाने की कार्यवाही करा दी जायेगी तदोपरान्त कोई आपत्ति/क्लेम मान्य नही होगा। के0के0 सिंह, संयुक्त सचिव(जोन-3)